हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 **नवंबर** 2026, **समय** 18:10 (10 **मिनट)**

मुख्य समाचार:

==========

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की केंद्र प्रायोजित योजना को पांच वर्ष तक जारी रखने और स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए 92 गीगावाट घंटे की ऊर्जा भंडारण योजना को मंजूरी दी।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों को रक्षा बलों में समाहित करने का फैसला लिया।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में जनसमस्याओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की- एक पटवारी को निलंबित किया गया।

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल अम्बाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे।

- हरियाणा सरकार ने प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए, व्यापक कार्ययोजना शुरू की- किसानों को जैविक खाद खरीदने पर 80 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।

==========

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रम को और मजबूत करने के लिए 92 गीगावाट-घंटे की ऊर्जा भंडारण योजना को मंजूरी दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस योजना में 30 गीगावाट-घंटे का बैटरी स्टोरेज, 60 गीगावाट-घंटे का पंप स्टोरेज और बढती हुई ऊर्जा भंडारण तकनीकों के लिए 2 गीगावाट-घंटे की क्षमता शामिल होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकारों के सहयोग से लागू

की जाएगी, जिससे देश भर में भंडारण क्षमता का समान वितरण सुनिश्चित हो सके। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने में नए वैश्विक मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि देश की कुल बिजली उत्पादन क्षमता का लगभग 52 प्रतिशत हिस्सा अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से ता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की केंद्र प्रायोजित योजना को पांच वर्ष के लिए जारी रखने की मंजूरी दी है। इसमें विशेष रूप से पॉक्सो मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई अदालतें भी शामिल हैं। यह योजना पहली अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रहेगी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना पर तीन हजार 788 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। इसमें केंद्र सरकार की हिस्सेदारी निर्भया कोष से दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 850 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतें संचालित करने का प्रावधान है। इनमें विशेष पॉक्सो अदालतें भी शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इन अदालतों में एक न्यायिक अधिकारी, विशेष सरकारी वकील और छह सहायक कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, ताकि दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत लंबित मामलों का जल्द निपटारा किया जा सके।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अग्निवीरों को रक्षा बलों में समाहित करने का फैसला लिया है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने घोषणा की है कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है, जिसके तहत सशस्त्र बलों में शामिल नहीं किए जाने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो वर्ष का अतिरिक्त कार्यकाल दिया जाएगा। दूसरे कार्यकाल के पूरा होने के बाद सभी 75 प्रतिशत अग्निवीरों को भारतीय सेना का हिस्सा बनने का अवसर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अग्निवीरों की अपनी इच्छा और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि दूसरे कार्यकाल के दौरान अग्निवीरों को बढ़ा हु पारिश्रमिक दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान जनसमस्याओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की है। गलत तरीके से संपत्ति पहचान पत्र तैयार करने के मामले में एक भवन निरीक्षक और एक म्युनिसिपल इंजीनियर की तीन महीने तक पचास प्रतिशत वेतन कटौती करने, उन्हें चार्जशीट करने तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अलावा, एक नागरिक के साथ अवांछित व्यवहार के कारण नगर निगम गुरुग्राम के पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य में कोताही पाए जाने पर लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता का एक महीने का वेतन रोकने के देश दिए गए हैं। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया-

---

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल अंबाला छावनी में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक का लोकार्पण करेंगे।

भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री असीम गोयल ने ज अंबाला में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक स्मारक का उद्घाटन नहीं, बल्कि देश की जादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात वीरों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता और श्रद्धांजलि व्यक्त करने का ऐतिहासिक अवसर है ।

श्री गोयल ने कहा कि लगभग 800 करोड़ रुपये की लागत से करीब 22 एकड़ क्षेत्र में निर्मित यह भव्य स्मारक हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहर के रूप में

अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। स्मारक में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े 700 से अधिक वीर बलिदानियों के नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक के लोकार्पण के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अंबाला के गांधी ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।
इससे पहले श्री अमित शाह करनाल में भारतीय जनता पार्टी के लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत सेक्टर 12 से मुग़ल कैनाल तक योजित पदयात्रा की अगुवाई करेंगे।

हरियाणा सरकार ने प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना शुरू की है, जिसके तहत 'मेरी फसल मेरा ब्योरा' पोर्टल से जुड़े किसानों को जैविक खाद खरीदने पर अस्सी प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों की य में वृद्धि करना और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना है।

==========